Class - V
Subject - HINDI
पाठ – 4 जगदीशचंद्र बसु

1. शब्दार्थ :–

विभाजन –	बँटवारा
शोध –	खोज
अवकाश –	छुट्टी
आजीवन –	जीवन भर
वसीयत –	मृत्यु के बाद संपत्ति के अधिकार के लिए लिखित आदेश
आकर्षण –	खिंचाव
सप्रमाण –	प्रमाण सहित
प्रशंसक –	बड़ाई करने वाला
पुत्रवत् –	पुत्र के समान

मौखिक

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बताइए :–

क. जगदीशचंद्र बसु का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

उत्तर जगदीशचंद्र बसु का जन्म 30 नवंबर 1858 ई0 को ढाका जनपद में विक्रमपुर कस्बे के निकट राढ़ीखाल गाँव में भगवानचंद्र बसु के घर में हुआ था।

ख. उनके पिता का नाम क्या था?

उत्तर उनके पिता का नाम भगवानचंद्र बसु था।

ग. बसु की पत्नी का नाम क्या था?

उत्तर बसु की पत्नी का नाम अबला बसु था।

लिखित

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

क. पेड़–पौधों के विषय में जगदीशचंद्र बसु ने क्या जानकारी दी?

उत्तर पेड़–पौधों के विषय में जगदीशचंद्र बसु ने जानकारी दी कि उनमें भी चेतना होती है।

ख. बसु उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए कहाँ गए?

उत्तर बसु उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए लंदन गए थे।

ग. लंदन से वापस आने पर बसु की नियुक्ति कहाँ हुई?

उत्तर लंदन से वापस आने पर बसु की नियुक्ति प्रेसीडेंसी कॉलेज, कोलकाता में भौतिक शास्त्र के प्रोफेसर के रूप में हुई।

घ. पेरिस के अपने भाषण में बसु ने क्या बताया?

उत्तर पेरिस के अपने भाषण में बसु ने जंतुओं तथा पेड़–पौधों की समानता के विषय में बताया।

4. मूल्यपरक प्रश्न

प्रश्न 'बसु आजीवन तन–मन–धन से विज्ञान की सेवा में लगे रहे'
इससे आपको क्या सीखने को मिलता है?

उत्तर इससे हमें यह सीखने के लिए मिलता है कि किसी भी कार्य को करने के लिए हमारे अंदर समर्पण की भावना होनीं चाहिए।

5. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से उचित शब्द छाँटकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

क. जगदीशचंद्र ने ग्रामीण पाठशाला में अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। (नगरीय / ग्रामीण)

ख. बसु उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए इंगलैंड जाना चाहते थे। (प्रारंभिक / उच्च)

ग. उस दिनों बसु बेतार के तार पर शोध कर रहे थे। (शोध / शोध)

घ. बसु ने अपने प्रयोगों से सिद्ध किया कि पौधों में भी चेतना होती है। (बुद्धि / चेतना)

6. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए –

क. जगदीशचंद्र बसु का जन्म कौन–से देश में हुआ था?
भारत बंग्लादेश नेपाल

उत्तर भारत

ख. प्राकृतिक सौंदर्य के कारण बसु के अंदर पेड़–पौधों तथा जीव जंतुओं के प्रति क्या उत्पन्न हुआ?
प्रेम लगाव आकर्षण

उत्तर आकर्षण

ग. बसु की बचपन से ही किसमें बड़ी रूचि थीं?
कला में विज्ञान में राजनीति में

उत्तर विज्ञान में